**उपलब्धि** समय सीमा से पहले काम पूरा कर जबलपुर नगर निगम ने रचा इतिहास

## मकान सूचीकरण कार्य : अव्वल आया नगर निगम



**नवभारत,जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में संस्कारधानी जबलपुर के नाम एक और बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हो गई है। नगर निगम जबलपुर ने अपनी प्रशासनिक दक्षता और टीम वर्क की मिसाल पेश करते हुए, जनगणना के अंतर्गत होने वाले मकान सूचीकरण के कार्य को समय सीमा से पहले पूरा कर प्रदेश स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निर्धारित समय सीमा 20 मई के पूर्व ही 19 मई को नगर निगम ने इस महत्वपूर्ण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया। इसके साथ ही जबलपुर, प्रदेश का ऐसा 'पहला नगर निगम' बन गया है जिसने इस लक्ष्य को सबसे पहले हासिल किया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से पूरी टीम को इस सफलता का श्रेय दिया है। यह जबलपुर के लिए गर्व का क्षण है। हमारे जमीनी कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक, सभी ने दिन-रात एक करके इस चुनौतीपूर्ण कार्य को समय से पहले पूरा किया। वहीं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी वाले नगर निगम क्षेत्र में मकानों का सटीक सूचीकरण करना एक महत्वपूर्ण कार्य था, लेकिन बेहतर मॉनिटरिंग और मैदानी अमले के समर्पण के कारण जबलपुर ने पूरे मध्य प्रदेश में बाजी मार ली। उधर ऐतिहासिक रिकॉर्ड के बनते ही नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों और जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों व पर्यवेक्षकों में भारी उत्साह है।



### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नवभारत,जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत अप ट्रेक रोड देवरी-आधारताल के बीच के खंड पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मृत्यु हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिया है। पनागर पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सड़कों पर लगे बैनर-पोस्टर बढ़ा रहे राहगीरों की परेशानी

**जबलपुर, नवभारत।** शहर की प्रमुख सड़के अक्सर राजनीति, विरोध और स्वागत के बैनर पोस्टरों से पाट दी जाती है। पिछले हफ्ते न्यायालय में हुए चुनाव और उसके पहले राजनैतिक कार्यक्रमों की वजह से शहर में अवैध पोस्टरों की भरमार हो गई है सड़को के बीच में लगे पोस्टर और बैनर आंधी तूफ़ान में सड़को पर निकल आते है जिससे कारण हादसे भी हो रहे हैं सबसे अधिक परेशानी दोपहिया चलाने वालों को हो रही है। सड़क पर निकले पोस्टर की नोक बाइक और मोपेड के हैंडल में फंसे जाते है और लोग इन पोस्टरों से टकराकर सड़क पर गिर जाते हैं। सूत्रो की माने तो माननीयों के पोस्टर लगाने के बाद कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है कि कार्यक्रम होने तक पोस्टरों को न निकाला जाए। इसी के चलते रसूखदार बेखौफ होकर इन पोस्टरों को लगा रहे हैं। सूत्रो की



मानें तो इस तरह के अवैध पोस्टरों की वजह से निगम को हर साल लाखों रुपए के राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं अवैध बैनर-पोस्टरों के कारण स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर भी हर साल कट रहे है। इसके बावजूद निगम वाले अभी तक ऐसे पोस्टर लगाने वालों पर सख्ती नहीं कर हैं और न ही तगड़ा जुर्माना वसूल कर रहे हैं।

### हफ्तों लगे रहते हैं पोस्टर

बता दे कि शहर की सड़कों, खंबों से लेकर पेड़ों तक में फ्लैक्स और पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इसमें माननीयों के जन्मदिन, आगमन-प्रस्थान, त्योहार की बधाइयां जैसे पोस्टर सबसे ज्यादा रहते हैं। सख्त नियम होने के बावजूद निगम वाले इन पर कभी कोई सख्ती नहीं करते हैं। इस वजह से लोग बेखौफ होकर इन पोस्टरों को लगा रहे हैं। इस वजह से खतरनाक पोस्टर दो से तीन हफ्तों तक हर हाल में सड़क पर लगे ही रहते हैं। जानकारो के अनुसार हर दस दिन में पोस्टर खंभों और सरकारी दफ्तरों के आसपास लग दिए जाते हैं। जिसपर लगातार कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन पोस्टर फिर से लग जाते हैं। ये बड़े-बड़े पोस्टर खंभों में ऐसे लगाए जाते हैं कि ये हवा आंधी में सड़को तक पहुँच जाते हैं।

## 31 करोड़ के ऋण से संवरी 13 हजार परिवारों की जिंदगी

**पीएम स्वनिधि योजना में देश भर में मिला तीसरा स्थान**

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया गया है। योजना के बेहतरीन क्रियान्वयन के चलते जबलपुर नगर निगम को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा भी नगर निगम की सराहना की गई है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि मात्र 9 माह में 13 हजार परिवारों को व्यवसाय से जोड़ने की जो ऐतिहासिक उपलब्धि नगर निगम को प्राप्त हुई है उसके लिए उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को श्रेय दिया है। नगर निगम के कड़े प्रयास और संवेदनशीलता के कारण शहर के लगभग 13 हजार जरूरतमंद परिवारों को करीब 31 करोड़ रुपये की ऋण राशि का वितरण किया गया है। इस आर्थिक संबल ने रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे दुकानदारों को ब्याज के दुष्चक्र से मुक्त कराकर आत्मनिर्भरता की एक नई राह दिखाई है। देश में तीसरा स्थान मिलना पूरे जबलपुर के लिए गौरव की बात है।

### कुछ इस तरह वितरित हुई राशि

विदित हो कि जबलपुर नगर निगम ने बेहद पारदर्शी और योजनाबद्ध तरीके से छोटे कारोबारियों को उनकी जरूरत के अनुसार ऋण उपलब्ध कराया। योजना के तहत स्थापित किए गए कीर्तिमान के मुख्य आंकड़े जिसमें लाभार्थियों की संख्या श्रेणी प्रथम, द्वितीय चरण में 6,327 लाभार्थी को प्रतिव्यक्ति वितरित ऋण राशि रूपये 15,000, प्रगतिशील चरण श्रेणी में 4,415 लाभार्थी को प्रतिव्यक्ति वितरित ऋण राशि रूपये 25,000, एवं उच्चतर चरण श्रेणी में 2,070 लाभार्थी को प्रतिव्यक्ति वितरित ऋण राशि रूपये 50,000, लगभग 13000 लाभार्थियों को कुल 31 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया जा चुका है।

**देश और प्रदेश से जुटेंगे समाज के प्रतिनिधि**

## 23-24 को जबलपुर में होगा साहू समाज का राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू सभा के मार्गदर्शन एवं मप्र तैलिक साहू सभा के संयोजन में आगामी 23 एवं 24 मई को जबलपुर में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दो दिनों के कार्यक्रम में प्रथम दिवस प्रदेश स्तरीय आयोजन होगा एवं द्वितीय दिवस राष्ट्रीय स्तर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर 'पूर्व मंत्री महाराष्ट्र सरकार', एवं केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलो के राज्य मंत्री तोखन साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने पत्रकार वार्ता के दौरान कचनार क्लब विजय नगर में दी। श्री साहू ने ये भी बताया कि नई टीम का गठन हुआ है जिसका शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगामी 23 मई को सुबह 11 बजे से कचनार क्लब जबलपुर में होगा।

### इनकी रहेगी उपस्थिति

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू भोपाल ने बताया 23 एवं 24 मई को होने वाले कार्यक्रम में मप्र शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, रामलाल गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव, अरुण भस्मे राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव, एन टी राठौर प्रदेश प्रभारी, अमरेंद्र कुमार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, विधायक संदीप साहू छत्तीसगढ़, रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली, अभिलाष पांडे विधायक जबलपुर, संदीप जैन अध्यक्ष जेडीए, रत्नेश सोनकर अध्यक्ष भाजपा जबलपुर की गरिमामय उपस्थिति होगी साथ ही देश और प्रदेश से समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, राष्ट्रीय एवं प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा आभा साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष एड रमेश के साहू, डॉ हेमराज साहू, महासचिव अनिल साहू अकेला, अतिरिक्त महासचिव एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष हितेश साहू, राजनैतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीकान्त साहू, संगठन मंत्री डॉ पुरुषोत्तम साहू उपस्थित थे।

### एक नजर में



#### शादी में गए भाई ने चोरी किए थे 5 लाख के जेवरात

**नवभारत,जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने सोने चांदी के जेवर चोरी करने वाले आरोपी भाई को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहन मेहरा उम्र 30 साल निवासी कोटावारी थाना चरगवां हाल ग्राम नारायणपुर सामने आया है जिसके पास से पुलिस ने चोरी किए हुए करीब 5 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व रुपए जप्त किए हैं। इस संबंध में चरगवां पुलिस ने नवभारत को बताया कि मोहित झारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विगत 18 मई की रात को उसके घर में रखे जेवरात अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए संदेही मोहन मेहरा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। इस दौरान मोहन ने बताया कि वह चाचा के घर शादी समारोह में गया था उसी समय उसने चोरी की थी। जानकारी के अनुसार मोहन ने चोरी करने के बाद जेवरों को खोखा रोड नहर के पास पुलिया के नीचे छिपाकर रख दिया था। आरोपी की निशादेही पर चुराये हुये सोने की पांचाली छोटी बड़ी 3 नग, मंगलसूत्र बड़ा व छोटा 2 नग, चांदी का एक करधन, पायल 2 जोड़, खुसना 1 नग, बिछिया 8 जोड़, एक जोड़ चूड़ा, बच्चो के चांदी के चूड़ा 3 जोड़ एवं नगदी करीब 73 हजार 400 रूपये जप्त किए।

#### जीआरपी ने चोरी का मोबाइल बरामद किया



**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक से गुरुवार को एक शातिर मोबाइल चोर पकड़ा गया। जबलपुर जीआरपी थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई को पुष्पेंद्र सिंह पिता लल्लू सिंह 18 निवासी ग्राम देवई थाना मझौली जिला सीधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर नासिक जाने के लिये ट्रेन का इंतजार कर रहा था इस दौरान उसे नींद आने पर लेट गया और नींद खुली तो पाया की पेंट की जेब में रखा मोबाइल पोको सी 78 गायब था। जिसके बाद पुष्पेंद्र ने जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई विवेचना के दौरान स्टेशन पर संदिग्धों को चेक किया गया जो रेलवे स्टेशन के 6 टॉयलेट के पास आड़ लेकर छुप रहे लड़के से पूछताछ की तो उसने मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी की पहचान मौसीन अंसारी पिता अज्जू उर्फ बुनियाद उम्र 18 वर्ष निवासी दरगाह के पास हनुमान ताल के रूप में हुई है। रिकॉर्ड चेक करने पर आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड होना भी पाया गया है।

#### इलेक्ट्रिकल विभाग में अफसरों के हुए तबादले

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने गुरुवार 21 मई को इलेक्ट्रिकल विभाग में अफसरों के व्यापक तबादले किये हैं इन तबादलों का असर मुख्यालय के अलावा जबलपुर, भोपाल व कोटा मंडलों में हुआ है इन तबादलों में सीनियर डीईई टीआरओ जबलपुर, सीनियर डीईई टीआरडी जैसे महत्वपूर्ण पद प्रभावित हुए हैं।

## 15 दिनों में जाम से निपटने का प्लान नगर निगम के सामने पेश करें

**हाईकोर्ट ने क्राइस्ट चर्च स्कूल प्रबंधन को दिए निर्देश**

**स्कूल खुलने व छूटने के समय लगता है जाम**

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय ट्रैफिक जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है और इसके समाधान के लिए प्रशासन एवं संस्थानों के बीच समन्वय आवश्यक है। कोर्ट ने जबलपुर के क्राइस्ट चर्च स्कूल प्रबंधन को कहा है कि वो 15 दिनों में जाम से निपटने का प्लान नगर निगम के सामने पेश करे। कोर्ट ने स्कूल प्रबंधन को नगर निगम के नोटिस का जवाब देने भी निर्देशित किया है। उसके बाद अगले तीन माह के भीतर नगर निगम इस समस्या का स्थाई समाधान निकालेगा।



दरअसल, क्राइस्ट चर्च स्कूल लगने और छूटने के टाइम वहां लगने वाले जाम की स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने जनवरी, 2015 में स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया था। स्कूल ने इस नोटिस को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। नोटिस में स्कूल को एक माह के भीतर पार्किंग व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था, अन्यथा निगम स्वयं कार्य कर उसकी लागत स्कूल से वसूलने को कहा गया था। नगर निगम का कहना था कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय अभिभावकों की गाड़ियां तथा स्कूल वाहन सड़क पर खड़े होने से यातायात में अव्यवस्था उत्पन्न होती है। इससे आम नागरिकों की आवाजाही बाधित होती है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि सड़क पर अवरोध हटाने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम को कार्रवाई का अधिकार है। साथ ही यह भी कहा कि यदि किसी भवन का निर्माण बिना अनुमति या स्वीकृत नक्शे के विपरीत हो तो निगम विधि अनुसार कार्रवाई कर सकता है। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि निगम द्वारा जारी नोटिस में पार्किंग निर्माण संबंधी जो निर्देश दिए गए थे, वे मप्र नगर पालिक अधिनियम के प्रविधानों के अनुरूप प्रतीत नहीं होते। कोर्ट ने कहा कि 12 जनवरी, 2015 के नोटिस के आधार पर फिलहाल कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। यदि कोई कार्रवाई की जाती है तो वह केवल विधि अनुसार ही हो।स्कूल प्रबंधन 15 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब दे। जवाब के साथ यह प्रस्ताव भी प्रस्तुत करे कि ट्रैफिक अव्यवस्था को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। नगर निगम स्कूल द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर कानून के अनुसार समस्या का समाधान निकाले।

## ढाबा के पास संदिग्ध हालत में मिली वृद्ध की लाश



**नवभारत,जबलपुर।** पनागर स्थित टॉप 10 ढाबा के पास आज उस वक्त सनसनी फैल गई जब लोगों ने संदिग्ध हालत में वृद्ध की लाश देखी। लाश मिलने की खबर आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते कई लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पनागर रोड पर सुबह राह चलते लोगों ने टॉप 10 ढाबा के पास वृद्ध को मृत हालत में देखा, जिसकी उम्र 70 वर्ष के करीब प्रतीत हो रही थी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, देखा तो बुजुर्ग के दोनों हाथों, घुटनों और गले के पास गहरी खरोंचें व छिलने के निशान मिले हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ की, लेकिन बुजुर्ग के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका। मृतक की पहचान न हो पाने के कारण पुलिस के आसपास के सभी थानों और नजदीकी जिलों में बुजुर्ग की जानकारी भेज दी है ताकि लापता लोगों के रिकॉर्ड से इसका मिलान किया जा सके।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हो रहा इंतजार

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान बुजुर्ग के शरीर पर पाई गईं संदिग्ध चोटें किसी हादसे या आपसी संघर्ष की ओर इशारा कर रही हैं। जांच अधिकारी के अनुसार, शुरुआती तौर पर यह पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। बुजुर्ग के शरीर पर आए निशानों की गहराई और प्रकृति को समझने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही समय और चोटों की असल वजह का सटीक खुलासा हो सकेगा।

**मंचन** मशहूर फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा निभाएंगे रावण का किरदार, 30 और 31 को तरंग ऑडिटोरियम जबलपुर में होगा मंचन

## जबलपुर में होगा फेलिसिटी थिएटर के 'हमारे राम' नाटक का मंचन



**नवभारत, जबलपुर।** देश की जानी-मानी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर जबलपुर में अपनी महाकाव्यात्मक 'हमारे राम' की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत करने जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने रावण की भूमिका में दिखेंगे, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर. भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरुण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, अमृता परिहार माता सीता की भूमिका में, अनुभवी अभिनेता भानु प्रताप राणा लक्ष्मण के रूप में, और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं। भारत भर के शहरों में हाउसफुल शो के बाद, नाट्य मंचन 'हमारे राम' एक बार फिर जबलपुर में 30 और 31 मई को तरंग ऑडिटोरियम, जबलपुर में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन, और सोनू निगम ने विशेष रूप से 'हमारे राम' के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है, जो श्रवण अनुभव को बढ़ाता है। यह शानदार नाटकीय अनुभव असाधारण प्रदर्शन, शक्तिशाली संवाद, आत्मा उत्तेजक संगीत, जीवंत कोरियोग्राफी, उत्कृष्ट वेशभूषा, और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और विशेष प्रभाव प्रदान करता है।

### लव और कुश के माध्यम से अनकही रामायण

इस नाटक की सबसे बड़ी विशेषता रामायण के उन पहलुओं को उजागर करना है, जो अक्सर अनकहे रह जाते हैं। कहानी की शुरुआत लव और कुश के उन जिज्ञासु सवालों से होती है, जो वे अपने पिता भगवान राम से माता सीता के विषय में पूछते हैं। 'हमारे राम' दर्शकों को भगवान सूर्य के दृष्टिकोण से राम और सीता के अटूट प्रेम, संघर्षों और विजय की एक कालजयी यात्रा पर ले जाता है। मंच पर रामायण के इन अनकहे अध्यायों को जीवंत करने के लिए उच्च तकनीक वाले वी. एफ. एक्स., एल.ई.डी. बैकड्रॉप और लुभावने हवाई दृश्यों का प्रयोग किया गया है। यह केवल एक नाटक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव है जो इतिहास और आधुनिकता का अद्भुत संगम पेश करता है।

### कला और तकनीक का समन्वय

फैलीसिटी थिएटर के निर्माता और निर्देशक राहुल भुचर के अनुसार, 'हमारे राम' को विशेष रूप से इस तरह तैयार किया गया है कि यह युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ सके। आशुतोष राणा द्वारा रावण का प्रभावशाली चित्रण और दिग्गज गायकों का संगीत दर्शकों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होगा। विज्ञापन फिल्म निर्माता गौरव भारद्वाज के निर्देशन में तैयार यह शो भव्य प्रकाश व्यवस्था और 50 से अधिक नर्तकों के समूह के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। इस सूक्ष्म प्रयास का उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत के प्रति गौरव की भावना जागृत करना भी है। जबलपुर के कला प्रेमियों के लिए यह दो दिवसीय आयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव होने वाला है ।